हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 12 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

4
एमआईसी में 29 करोड़ से ज्यादा के शहर विकास कार्यों को दी गई मंजूरी



## ख़बर संक्षेप

### अखंड संकीर्तन यज्ञ में शामिल हुईं विधायक रायमुनी



**जशपुरनगर।** बगीचा के वृंदावन यादव भवन में चल रहे अष्ट प्रहरी अखंड संकीर्तन में जशपुर विधायक रायमुनी भगत अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुईं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हरि नाम संकीर्तन की मधुर धुनों ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन, स्थानीय नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे आयोजन और भी भव्य एवं सफल बना।

### अटल वयो अभ्युदय योजना: 12 वरिष्ठों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन



**जशपुरनगर।** संचालक समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार भारत सरकार की महत्वपूर्ण एवं महत्त्वकांक्षी अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले से फरसाबहार, बगीचा जनपद क्षेत्र एवं जनक वृद्धआश्रम जशपुर से कुल 54 वरिष्ठ नागरिकों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया था। इसमें से 6 वरिष्ठ नागरिकों का 22 मार्च को रायपुर में सफलतापूर्वक मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। इसी प्रकार 1 वरिष्ठ नागरिक को चश्मा प्रदान किया गया और 1 वरिष्ठ नागरिक का बीपी एवं शुगर होने के कारण ऑपरेशन नहीं किया गया। इसी कड़ी में बगीचा जनपद अंतर्गत 25 मार्च को 13 हितग्राहियों को जन प्रतिनिधियों द्वारा फूल माला एवं शाल से स्वागत कर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु एआईआईएमएस रायपुर रवाना किया गया। जिसमें से देवरी बाई 72 वर्ष, राजपति 65 वर्ष, मालती देवी 66 वर्ष मुनेश्वरी 66 वर्ष लक्ष्मनिया बाई 71 वर्ष खुदुराम 65 वर्ष पेटरा 71 वर्ष कुवर 66 वर्ष का सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया एवं कौशल्या बाई 71 वर्ष, कपूर राम 74 वर्ष एवं चरण राम 65 वर्ष को बीपी एवं शुगर होने के करण ऑपरेशन नहीं किया गया। इस प्रकार अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत एआईआईएमएस रायपुर में कुल 19 वरिष्ठ नागरिको में 12 वरिष्ठ नागरिकों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ एवं 2 को चश्मा दिया गया। वर्तमान में इन सभी का जिला अस्पताल जशपुर में फॉलो अप करवाया गया।

### पुलिया से नीचे गिरा ट्रक बाल-बाल बचा चालक

**अम्बिकापुर/ रजपुरीकला।** सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी। घटना सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है।

## 20. 53 करोड़ की तीरंदाजी अकादमी का भूमिपूजन

# अकादमी क्षेत्र के युवाओं को सुनहरा अवसर प्रदान करेगी: रायमुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के पंडरापाठ, तहसील मनोरा, विकासखंड बगीचा में अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी परिसर के निर्माण एवं विकास कार्य का भूमिपूजन शनिवार को हुआ। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लगभग 20 करोड़ 53 लाख रुपए से पूर्ण होने का अनुमान है।

### अकादमी क्षेत्र के युवाओं को सुनहरा अवसर प्रदान करेगी

कार्यक्रम में जशपुर विधायक रायमुनी भगत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया और कहा कि, यह अकादमी क्षेत्र के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष सालिक साय ने की। साथ ही जनप्रतिनिधि और नागरिक भी उपस्थित रहे।



### सह शिक्षा के तहत 50 प्रतिशत सीट छात्राओं के लिए आरक्षित

विद्यालय में सह-शिक्षा व्यवस्था लागू है, जिसके तहत 50 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए निर्धारित की गई हैं। यदि छात्राओं की पर्याप्त संख्या नहीं मिलती है, तो शेष सीटों को छात्रों से भरा जाएगा। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच निर्धारित की गई है।

### राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने प्रयासरत

विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि, राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है, और जशपुर में इस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह तीरंदाजी अकादमी भविष्य में स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी।

# ट्रैक्टर का ब्रेक फैल होने से एक युवक की मौत, तीन घायल

**जशपुरनगर।** जिले के कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरपोड़ी में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। टेंट सामान से लदे एक ट्रैक्टर के पलटने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान देवांगन सिदार के रूप में हुई है, जिसकी शादी महज एक दिन पहले ही हुई थी।

▪ शादी के दूसरे दिन युवक की मौत, परिवार में मातम

जानकारी के अनुसार, देवांगन अपनी ही शादी का टेंट सामान छोड़ने पास के गांव जा रहा था। उसके साथ तीन दोस्त भी ट्रैक्टर में सवार थे। इसी दौरान ढलान पर ट्रैक्टर का ब्रेक फेल हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चारों युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने देवांगन सिदार की हालत नाजुक देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हादसे में घायल अन्य तीन युवकों का इलाज जारी है।

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं

बताया जा रहा है कि, जिस घर में एक दिन पहले शादी की खुशियां थीं, वहां अब मातम छा गया है। नव विवाहिता के हाथों की मेहंदी भी अभी फीकी नहीं पड़ी थी कि, यह दुखद घटना हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर है। पत्थलगांव पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई।

# जिला अस्पताल के ऑपरेटर को कारण बताओ नोटिस

**जशपुरनगर।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने ऑपरेटर जीवनदीपकर्मी मोती चौहान जिला चिकित्सालय जशपुर को मरीज के परिजनों के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने के संबंध मे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए 5 दिन का दिया समय। सिविल सर्जन ने नोटिस में उल्लेख किया है कि, सोशल मिडिया फेसबुक में प्रकाशित व अपलोड वीडियो वायरल के को संज्ञान में लेते हुए 8 अप्रैल को सोशल मिडिया में प्रसारित विडियो में यह ज्ञात हो रहा है, कि मरीज के परिजन के साथ आयुष्मान कार्ड को चालू करने के संबंध में आपके द्वारा मरीज के परिजन के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। विडियो मे यह परिलक्षित हो रहा है कि, मरीज सुबह से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोगय योजना का लाभ लेने के लिए आयुष्मान कांऊटर में बार-बार अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहा है, किन्तु आपके द्वारा किसी प्रकार की समस्या होने का शांतिपूर्वक निदान न बताया जाकर संबधित से अभद्रतापूर्ण चिलाकर बात किया जा रहा है, जो कि करना छग सिविल सेवा नियम 1965 के विपरीत है। चूंकि आप एक शासकीय कार्यालय में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे है, कदाचित यह व्यवहार मान्य नहीं है। इस संबंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण 5 दिवस में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

# अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु उर्वरक नियंत्रण कक्ष गठित

**जशपुरनगर।** संचालक कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जिले के किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरक की कालाबाजारी, गैर कृषि उपयोग, जमाखोरी, अधिक किमत पर विक्रय जैसी गतिविधियों को रोकने हेतु संलिप्त व्यक्ति फर्म के विरूद्ध उर्वरक आदेश 1985 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के परिपालन में कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा अवैध गतिविधियों को प्रभावी नियंत्रण तथा शिकायतों का निराकरण एवं उर्वरकों का सुचारू रूप से वितरण सुनिश्चित कराने हेतु जिले में उर्वरक नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। सहायक संचालक कृषि पंझाबाई पैंकरा को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त कर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण हेतु संबंधितों को निर्देशित करने कर निराकरण कराने की दायित्व सौंपे गए हैं। इनका संपर्क नम्बर 9669845600 है। इसी प्रकार सहायक सांख्यिकी अधिकारी लीला प्रधान मोबाइल नंबर 9009513846 को नियंत्रण कक्ष उप प्रभारी नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष प्रभारी के सहयोग एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उचित कार्रवाई करने, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोबाईल नम्बर 9406660385 को नियंत्रण कक्ष सहायक नियुक्त कर प्राप्त शिकायतों को पंजीबद्ध कर प्रभारी अधिकारी को अवगत कराने और कंप्यूटर ऑपरेटर हरिशंकर बरेठ मोबाईल नम्बर 7974284032 को सहायक नियुक्त कर रिकार्ड संधारण करने की की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शराब दुकान के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन, दुकान पर जड़ा ताला



**जशपूरनगर।** जशपुर जिले के कांसाबेल अंतर्गत सिहारबूड़ पंचायत में शराब दुकान को लेकर महिलाओं का विरोध तेज हो गया है। महिलाओं ने दुकान के सामने धरना देते हुए शराब दुकान में ताला जड़ दिया और विरोध का बैनर भी लगा दिया। बताया जा रहा है कि, कांसाबेल की अंग्रेजी शराब दुकान को सिहारबूड़ पंचायत में शिफ्ट किए जाने के बाद से स्थानीय महिलाएं लगातार विरोध कर रही हैं। स्कूल के पास शराब दुकान- ग्रामीण एवं महिलाओं कहना है कि, शराब दुकान स्कूल के पास है, जिससे बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ सकता है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस प्रशासन और तहसीलदार पहुंच कर महिलाओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन महिलाएं दुकान बंद होने तक आंदोलन पर अड़ी रहीं।

# 12 माह से अधिक वाहन रखने पर लेना होगा राज्य का परिवहन चिन्ह

**जशपुरनगर।** परिवहन विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 47 के तहत कोई भी वाहन 12 मास से अधिक किसी राज्य में रखी अथवा संचालित की जाती है तो उस राज्य का परिवहन चिन्ह लेना अनिवार्य है। अधिकांश वाहन स्वामियों द्वारा सीमावर्ती राज्य जैसे झारखण्ड, उड़ीसा राज्य की पंजीयन चिन्ह आबंटित कराकर छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित की जा रही है, जो कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 47 के विपरीत है। उन वाहन मालिकों का स्थाई पता छत्तीसगढ़ राज्य की है और वाहन 12 मास से अधिक इस राज्य में रखी गई है, और अभी तक छत्तीसगढ़ राज्य का पंजीयन चिन्ह नहीं लिया गया है, जिससे शासन की राजस्व की हानि हो रही है। परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहन स्वामी को जो अन्य राज्य की आबंटित पंजीयन चिन्ह, संबंधित प्राधिकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर जिला परिवहन कार्यालय जशपुर में प्रस्तुत करने हेतु सर्व संबंधितों को सूचित किया जा रहा है। तत्पश्चात प्रस्तुत एनओसी के आधार पर उन वाहनों का छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन पंजीयन चिन्ह जिला परिवहन कार्यालय जशपुर द्वारा आबंटित किया जा सके, अन्यथा मोटरयान अधिनियम 1988 एवं मोटरयान नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जावेगी।

# करैत और धामन के बीच की लड़ाई बनी कौतूहल का विषय

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो सांपों के बीच हुई भीषण लड़ाई लोगों के कैमरे में कैद हो गई। यह घटना जिले के नागलोक कहे जाने वाले तपकरा की है। राह चलते लोगों ने इस दुर्लभ नजारे को देखा और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि, यह लड़ाई एक जहरीले करैत सांप और एक रेट स्नैक के बीच हुई। दोनों सांप काफी देर तक आमने-सामने डेट रहे और एक-दूसरे पर लगातार हमला करते रहे। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, दोनों के बीच की यह भिड़ंत बेहद खतरनाक और रोमांचक थी, जिसे देखकर लोग दहशत में भी आ गए। जानकारी के मुताबिक रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होकर रात 2 बजे अपने घर लौट रहे युवक धरम सिंह और उसके साथियों की नजर इस लड़ाई पर पड़ी। काफी देर तक संघर्ष देखने के बाद उन्होंने साहस दिखाते हुए दोनों सांपों को अलग किया। धरम सिंह का कहना है कि, इस तरह की घटना बहुत कम देखने को मिलती है, खासकर तब जब एक जहरीला करैत और बिना जहर वाला धामन सांप आमने-सामने हों। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है, वहीं वायरल वीडियो को लोग काफी दिलचस्पी से इसे देख रहे हैं। फिलहाल, घटना के बाद दोनों सांप जंगल की ओर चले गए और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।




## वार्ड क्र 13 में आस्था और जनसहयोग की नई मिसाल

# शनिदेव मंदिर का भूमिपूजन, शनि शिगणापुर से आएगी प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नगर पंचायत कोतबा के वार्ड क्रमांक 13 इंदिरा नगर में श्रद्धा और भक्ति का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। शुक्रवार 10 अप्रैल को क्षेत्र के निवासियों ने एकजुट होकर सार्वजनिक श्री शनिदेव मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान से भूमिपूजन किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक समरसता के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

भूमिपूजन का यह पावन कार्यक्रम मां बनभौरी मंदिर, गंझियाडीह के प्रसिद्ध पुजारी मनीष कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुआ। शास्त्री जी ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कराया और मंदिर निर्माण के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। सुबह 8 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में पूरा वातावरण 'जय शनिदेव' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। उल्लेखनीय है कि, जिस स्थान पर भूमिपूजन किया गया, वहां पूर्व में नगर पंचायत द्वारा शनिदेव मंदिर हेतु एक चबूतरे का निर्माण कराया गया था। लंबे समय से वहां मूर्ति स्थापना और उचित रखरखाव न होने के कारण स्थल उपेक्षित था। इसे देखते हुए वार्ड क्रमांक 13 के सक्रिय निवासियों और नगरवासियों ने एक सराहनीय संकल्प लिया।





### शनि शिगणापुर से आएगी प्रतिमा

ग्रामीणों ने संकल्प लिया है कि, मंदिर में स्थापित होने वाली शनिदेव की प्रतिमा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शनि शिगणापुर से लाई जाएगी। इस मंदिर का निर्माण जनसहयोग और वार्डवासियों की सक्रियता से किया जा रहा है। इस मांगलिक अवसर पर नगर पंचायत के पार्षद पंकज शर्मा, वार्डवासी दिनेश ठाकुर, पीताम्बर साहू, विजय साहू, जंगलू साहू, सहित अन्य पार्षदगण, विभिन्न नगर के गणमान्य नागरिक सपरिवार शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 13 के निवासियों की इस सक्रियता और धार्मिक सजगता की पूरे नगर में प्रशंसा की जा रही है।

### श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल

मंदिर निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। श्री शनिदेव सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि, मंदिर का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं को शनिदेव की आराधना के लिए एक भव्य और पवित्र स्थान प्राप्त होगा।


Vijayश्री
HERITAGE
Shanichari Road
LUXURIOUS 3 BHK & 4 BHK RESIDENCES
AADHARSHILAS BUILDERS PVT. LTD.
RERA CHHATTISGARH
PCGRERA230126002033
सिर्फ एक पता नहीं
सुकून
का एक नया
आशियाना
SAY yes TO YOUR
LUXURIOUS HOME
SPECIAL BOOKING OFFER
UP TO 30TH APRIL 2026
Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur, Chhattisgarh.
SOLAR FOR COMMON AREA
MINI THEATER
COMMON HALL ON TERRACE
GYM
Science College 300 Meter
SECL Head Office 700 Meter
Khel Parisar 700 Meter
Apollo Hospital 1.5 Km
Railway Station 6.5 Km
Gol Bazar & Sadar Bazar (Market) 1.5 Km
Member of CREDAI Confederation of Real Estate Developers' Association of India
+91 9300321527 | +91 9329730177 | +91 9826533344
Head Office Address: In front of Chhattisgarh Bhavan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
E-mail-: abplbsp94@gmail.com | Website :- www.aadharshilabuilders.com
Scan for Floor Plan
Scan for Brochure

## खबर संक्षेप



### विद्यालय के न्योता भोज में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व ग्रामीण

**सोनगरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पीपरपारा में प्रधान पाठक बाबूलाल रजवाड़े के नेतृत्व में आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। विद्यालय परिसर में सुबह से ही चहल-पहल का माहौल रहा, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और ग्रामीण एकत्रित हुए। आयोजन ने न केवल विद्यालय परिवार को एक सूत्र में बांधा, बल्कि समाज और शिक्षा के बीच मजबूत रिश्तों को भी प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यालय की गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यालय के प्रति लोगों का जुड़ाव बढ़ता है और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का भाव विकसित होता है। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक शरद चंद्र द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और संस्कारों का भी प्रमुख स्थल है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समाज और शिक्षकों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं डॉ. संतोष सिंह ने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के विकास को भी जरूरी बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करते हैं। कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक सिंह ने भी ग्रामीण परिवेश में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यालय परिवार की सराहना की। इस दौरान प्रमोद कुमार गुप्ता, गोटिया सिंह, अवधनाथ सूर्यवंशी, कलीनाथ सिंह, सुजीत कुमार सिन्हा, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमारी, लक्ष्मण सिंह राठिया सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### सेवा निवृति पर प्रधान पाठक को दी गई भावभीनी विदाई



**बिहारपुर।** संकुल केंद्र बेगारीडांड़ में प्राथमिक शाला बेगारीडांड़ के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गोरेलाल गुप्ता को भावभीनी विदाई विदाई दी गई।समारोह में विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया। रामकेश्वर शाहवाल ने कहा कि उन्हें गोरेलाल गुप्ता का शिष्य बनने का सौभाग्य मिला है साथ ही हाई स्कूल महुली के प्राचार्य रामशरण प्रजापति भी उनके शिष्य रहे है।अतिथियों ने श्री गुप्ता के सेवाकाल की उपलब्धियों को सराहा एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुस्कार से सम्मानित होने का उल्लेख किया। शिक्षकों ने उन्हें उपहार दिया वहीं संकुल केन्द्र द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । अन्त में सभी ने एक साथ भोजन किया एवम बाजे-गाजे के साथ रैली निकाल कर उन्हें घर तक पहुँचाया।इस दौरान सरपंच शिवप्रसाद सिंह, नवीन कॉलेज के प्राचार्य रंजीत सातपुते, सहा. प्राध्यापक धीरेन्द्र जायसवाल, हरिशंकर डहरिया, संकुल समन्वयक जियाराम वैश्य, सेवा निवृत्त शिक्षक श्यामसुन्दर वैश्य, संकुल समन्वयक ईश्वर दयाल वैश्य,शशिप्रकाश शर्मा,प्रधान पाठक गौरीशंकर पाठक ,प्राचार्य रामशरण प्रजापति, नारायण प्रसाद शर्मा व्याख्याता राजकुमार जायसवाल, शिवबरन गुप्ता, सच्चिदानन्द कश्यप ,रामाधीन तिवारी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों के शिक्षक उपस्थित थे।

### गिरने से गंभीर वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** खेत के समीप से लकड़ी लेकर आ रही वृद्धा अचानक गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम चलता खास निवासी रतियासी पति स्व. चमरू राम (81 वर्ष) रविवार को घर से कुछ दूर स्थित खेत के समीप लकड़ी लेने गई थी। लकड़ी लाते समय वृद्धा खेत में गिर गई जिससे घायल हो गई। परिजन वृद्धा को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई।

## सरगुजा के 40690 पशुओं का लक्ष्य था निर्धारित

# पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान में पिछड़ा सरगुजा संभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- हुआ 16639 का कृत्रिम गर्भाधान
- पशुओं के नश्ल सुधार की गति पड़ी धीमी

श्वेत क्रांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर संचालित दुधारू पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान करने के मामले में इस बार सरगुजा सहित संभाग के सभी जिले पिछड़ गए है। इस वर्ष सरगुजा संभाग का कोई भी जिला शासन द्वारा निर्धारित कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्य को पूरा नहीं कर सका है। हालाकि अधिकारियों का कहना है कि सरगुजा में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है।

पशुपालन से न केवल पशुपालकों की आय में वृद्धि होती है बल्कि रोजगार के भी अवसर उत्पन्न होते हैं तथा उन्नत कृषि के लिए पर्याप्त जैविक खाद उपलब्ध होता है। कृत्रिम गर्भाधान से पशुओं का नस्ल सुधार होता है साथ ही दूध की उत्पादन में वृद्धि होती है। वर्तमान में भारत दूध उत्पादन में विश्वभर में सबसे आगे है इसके बावजूद लगातार बढ़ती आबादी की आवश्यकता के अनुसार दूध उपलब्धता नहीं है। पशुपालन से रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए सरकार लम्बे समय से कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से देशी नश्ल के पशुओं का नश्ल सुधारने एवं उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान चला रही है। अभियान के तहत गांव-गांव में पशुपालन विभाग द्वारा केन्द्र बनाने के साथ ही पशु चिकित्सक एवं कर्मचारी पदस्थ किए गए हैं लेकिन कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है। राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत शासन द्वारा हर साल कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के लिए 1192950 पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके विरूद्ध मात्र 471026 पशुओं का ही गर्भाधान किया गया जो निर्धारित लक्ष्य का 30 फीसदी है। हैरानी की बात है कि इस बार छत्तीसगढ़ के किसी भी जिले में कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका।



**बलरामपुर सबसे आगे**

सरगुजा संभाग के किसी भी जिले में पिछले वित्त वर्ष में निर्धारित कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है लेकिन बलरामपुर जिला इस मामले में सबसे आगे है। शासन द्वारा सरगुजा में कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य 40960 निर्धारित था जिसके विरूद्ध 16639 पशुओं का कृत्रिम गर्भधारण हो सका है। इसी तरह बलरामपुर में 26000 के विरूद्ध 12733 एवं सूरजपुर में 5000 के विरूद्ध 17358 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया गया। लक्ष्य के विरूद्ध सरगुजा में 41 फीसदी, बलरामपुर में 49 फीसदी एवं सूरजपुर में 35 फीसदी कृत्रिम गर्भाधान हो सका। सरगुजा संभाग के अन्य जिलों का भी प्रदर्शन ठीक नहीं है। मनेन्द्रगढ़ में कृत्रिम गर्भाधान लक्ष्य के विरूद्ध 28 फीसदी, जशपुर में 29 फीसदी, कोरिया में 36 फीसदी ही पूरा हो सका है। कृत्रिम गर्भधान से सरगुजा में 2248, बलरामपुर में 2940 एवं सूरजपुर में 3970 उत्तम नश्ल के वत्स उत्पन्न हुए हैं।

**कर्मचारियों की कमी मुख्य कारण**

कृत्रिम गर्भाधान में पिछड़ने का मुख्य कारण मैदानी कर्मचारियों की कमी को बताया जा रहा है। लिक्विड नाइट्रोजन की कमी अधिकारी-कर्मचारियों की उदासीनता, निगरानी की कमी, अधिकारी-कर्मचारियों की मुख्यालय में अनुपस्थिति एवं प्रगति की नियमित समीक्षा नहीं होने को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। सीमन को संरक्षित रखने के लिए लिक्विड नाइट्रोजन की उपलब्धता आवश्यक है। समय पर लिक्विड नाइट्रोजन उपलब्ध नहीं होने के कारण भी कार्यक्रम पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

**सरगुजा में 4 लाख गाय-भैंस**

पशु गणना के अनुसार सरगुजा में 4 लाख गाय-भैंस उपलब्ध है। इन पशुओं में अधिकांश देशी नश्ल के हैं तथा बेहद कम मात्रा में दूध देते हैं। देशी पशुओं से उन्नत नश्ल के वत्सों को उत्पन्न कराना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है।शहरी क्षेत्र के पशुपालक उत्पादन की दृष्टि से उन्नत नश्ल के पशुओं को रखते हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में देशी नश्ल के पशुओं को रखने का चलन है।

**सरगुजा का लक्ष्य पूर्ण**

कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य सरगुजा में पूरा हो गया है। हमने 75 फीसदी पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराया है। कृत्रिम गर्भाधान के 30 फीसदी मामले असफल हो जाते हैं। ऐसे में सरगुजा का लक्ष्य पूरा हो गया है।

-डॉ.आरपी शुक्ला
सहायक संचालक, पशु चिकित्सा विभाग

## कलेक्टर ने किया सीसीयू, एमसीएच व अन्य निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- लापरवाही पर कार्रवाई की दी चेतावनी



कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला मुख्यालय में हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्यों को गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही बरतने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

कलेक्टर श्री कटारा ने निर्माणाधीन 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर यूनिट भवन एवं 100 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए। उन्होंने बन रहे नालंदा परिसर का अवलोकन करते हुए वहां उपयोग हो रही निर्माण सामग्री की जानकारी ली तथा गुणवत्ता पूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने निर्माण कार्यों की साप्ताहिक एवं मासिक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने को कहा। 200 सीटर नालंदा परिसर आधुनिक और सुव्यवस्थित अध्ययन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधित पुस्तकें, अध्ययन सामग्री एवं पत्र पत्रिकाओं, डिजिटल संसाधनों से युक्त ई-लाइब्रेरी की भी व्यवस्था की जाएगी। जिसके निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर मिलेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री कटारा ने निर्माणाधीन मांगलिक भवन एवं कन्या महाविद्यालय का भी निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, सिविल सर्जन शशांक गुप्ता, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रणव राय, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुर्रे मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में गंभीर रूप से आहत व्यवसाई की हायर सेंटर ले जाने दौरान हुई मौत

- पीजीआई अस्पताल ले जाने दौरान सुल्तानपुर के पास ली अंतिम सांस

**बिश्रामपुर।** तेरह दिन पूर्व गत 28 मार्च को इवनिंग वॉक करने दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हुए सतपता निवासी व्यवसाई शेर बहादुर मिश्रा उर्फ सरई मिश्रा की गुरुवार की रात को हायर सेंटर अस्पताल ले जाने दौरान मौत हो गई,बताया गया कि जीएम बंगला रोड स्थित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनके सिर में गंभीर चोट लग गई थी,बिश्रामपुर में प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उन्हें अंबिकापुर के जीवन ज्योति अस्पताल भर्ती कराए थे, यहां पर चिकित्सकों ने उनके ब्रेन का ऑपरेशन भी किया था,इसके बावजूद सेहत में सुधार नहीं हूआ जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई,तत्पश्चात परिजन गुरुवार को आहत को लेकर अपने गृह क्षेत्र उत्तरप्रदेश लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराने हेतु रवाना हुए थे जहां देर रात रास्ते में सुल्तानपुर के पास उनकी मृत्यु हो गई,उनका अंतिम संस्कार गृह जिले सुल्तानपुर में किया गया,ग्राम सतपता निवासी शेर बहादुर मिश्रा ठेकेदार विजय मिश्रा व सत्यम मिश्रा के चचेरे भाई थे।वे अपने पीछे दो पुत्री व एक पुत्र छोड़ गये हैं, इनकी पत्नी की 18 वर्ष पूर्व ही मौत हो चुकी है,शेर बहादुर मिश्रा ऊर्फ सरई के असामयिक निधन पर शुक्रवार को पूरे दिन सतपता गांव समेत बिश्रामपुर क्षेत्र में शोक व सन्नाटा पसरा रहा।

## नवीन सर्व सोनार समाज ने निकाली शहर में भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- जगह-जगह किया गया स्वागत, हुए विभिन्न कार्यक्रम



नवीन सर्व सोनार समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में चतुर्थ वार्षिक उत्सव पर शोभा यात्रा निकाली गई। अध्यक्ष सुरेश सोनी के नेतृत्व में निकाली गई शोभा यात्रा सुबह 11 बजे हाई स्कूल ग्राउंड महुआपारा के पास स्थित सोनार समाज भवन से शुरू हुई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हरीतिमा परिसर पहुंची, जहां सभा आयोजित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

शोभायात्रा के दौरान समाज के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम के स्मरण के साथ की गई तथा 11 दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के चार वर्ष पूर्ण होने पर केक काटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवजात शिशुओं का स्वागत नोटों की माला पहनाकर किया गया। नव वैवाहिक 6 जोड़ों का सम्मान किया गया तथा 10 बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं को मंच से सम्मानित किया गया। परमेश्वर सोनी के पुत्र सोहम सोनी के जूनियर टीम से गोवा खेलने जाने पर उनका अभिनंदन किया गया। प्रकाश इलेक्ट्रॉनिक के संचालक डॉ. आशीष सोनी, डॉ. अंकित सोनी, डॉ. साक्षी सोनी, इंजीनियर बने सुरेश सोनी,राजेश सोनी, के पुत्र आकाश सोनी तथा संदीप होटल के संचालक आशा सोनी के पुत्र डॉ. अभिषेक सोनी को भी प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रथम प्रतिभा प्रस्तुत करने वाले बच्चे को महिला जिला अध्यक्ष ज्योति सोनी द्वारा 500 रूपए देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सेंट जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य सेबास्तियन तिग्गा और राजीव गांधी स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र गुप्ता ने समाज के बच्चों को शिक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि वे पिछले 26 वर्षों से राजपुर में शिक्षा सेवा से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में संरक्षक शिवराम सोनी, संभाग अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी, जिलाध्यक्ष सूरजपुर कंचन सोनी, जिलाध्यक्ष बलरामपुर नरेश सोनी, जिलाध्यक्ष सरगुजा विनोद सोनी, प्रकाश सोनी, जवाहर सोनी, अनिल गुप्ता, विजय सोनी, कृष्ण सोनी, धरम सोनी, ज्योति सोनी, लीना सोनी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच का संचालन युवा जिला अध्यक्ष अरुण सोनी ने किया। इस अवसर पर राजपुर समाज से राजकुमार सोनी, रामआशीष सोनी, बृजमोहन सोनी,ओमप्रकाश सोनी संदीप सोनी, अजय सोनी, संतोष सोनी,संजय सोनी, सुजीत सोनी, रामप्रकाश सोनी, शुभम सोनी, सुनील सोनी, अशोक सोनी, मुकेश सोनी, रंजीत, सुजीत, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## दिनदहाड़े स्कूटी और मोबाइल फोन लूट का आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** युवक से स्कूटी और मोबाइल फोन लूट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोधनपुर निवासी अशोक टोप्पो 5 अप्रैल को ऑटो पार्ट्स दुकान के मालिक की स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीवही 7728 से दोपहर में गुदरी बाजार से सब्जी लेकर वापस लौट रहा था। इस दौरान शिवधारी तालाब के समीप जान पहचान के युवक व उसके दोस्त आदर्श टोप्पो ने उसे आवाज देखकर रुकवाया। जब अशोक टोप्पो ने स्कूटी रोकी तो अशोक टोप्पो ने स्कूटी ऑटो पार्ट्स मालिक का होने का हवाला देते हुए देने से मना कर दिया। इसके बाद आदर्श टोप्पो व अन्य युवक ने अशोक टोप्पो के साथ लात मुक्का और डंडे से मारपीट करते हुए स्कूटी और मोबाइल फोन को लूट लिया और फरार हो गए। आरोपियों ने युवक को मारपीट की धमकी दी जिससे वह डर गया था। युवक ने घटना की शिकायत 8 अप्रैल को की जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फुंदुरडिहारी बीचपारा निवासी 20 वर्षीय आदर्श टोप्पो आ. स्व. जयपाल टोप्पो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी आदर्श टोप्पो को बीएनएस की धारा 309(6), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी आदतन बदमाश है और पूर्व में भी वारदात को अंजाम दे चुका है।



### बाइक भिड़ंत में गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** खड़गवां अंतर्गत ग्राम कदरेवा निवासी भरत सिंह आ. लल्लू सिंह (23 वर्ष) गत दिन किसी काम के सिलसिले में बाइक से अकेले मनेन्द्रगढ़ जा रहा था। युवक जैसे ही पोड़ी अंतर्गत ग्राम कलम घाट के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में भरत गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आपात कालीन केंद्र में चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

## चोरी की बाइक की नंबर प्लेट बदलकर घूम रहा था युवक, वाहन स्वामी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी की बाइक बरामद की है। बड़ी बात यह है कि आरोपी चोरी की बाइक का नंबर प्लेट बदलकर वाहन चला रहा था। इस दौरान वाहन स्वामी ने स्वयं ही अपनी बाइक को पहचानकर चोर को पकड़ लिया।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जयनगर हरीपुर हाल मुकाम गांधीनगर निवासी दिनदयाल मानिकपुरी 3 अप्रैल को अपनी होंडा सीडी डीलक्स बाइक क्रमांक सीजी 15 सीके 3361 से रात 11 बजे नमनाकला वसुंधरा सन सिटी स्थित निर्माणाधीन मकान के लेबर क्वाटर में खड़ी कर सो गया था। इस दौरान भोर में 3-4 बजे जब युवक ने उठकर देखा तो उसकी बाइक गायब थी। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। इस दौरान पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान नमनाकला निवासी प्रिंस टोप्पी चोरी की बाइक लेकर गैरेज गया हुआ था जहां पहले से बाइक का असल मालिक भी मौजूद था। दिनदयाल मानिकपुर ने अपनी बाइक को पहचान लिया। आरोपी ने युवक की बाइक के पीछे के नंबर प्लेट को मिटा दिया गया था और आगे के पुराने नंबर प्लेट को हटाकर नया नंबर प्लेट लगा दिया गया था। युवक ने लोगों की मदद से प्रिंस टोप्पो को पकड़कर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा नमनाकला हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 19 वर्षीय प्रिंस टोप्पो आ. अमित टोप्पो को हिरासत में पूछताछ की तो आरोपी ने बाइक चोरी करने व पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट बदलने व नंबर मिटाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 305 (बी), 238 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, सउनि सुभाष ठाकुर, आरक्षक कुंदन पांडे, राहुल सिंह, रमन मंडल, उमेश गुप्ता, आनंद केरकेट्टा सक्रिय रहे।

## एनएसयूआई स्थापना दिवस पर भव्य छात्र सम्मेलन एवं कौशल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला एनएसयूआई द्वारा ऑडिटोरियम भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के सभापति आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसयूआई द्वारा छात्र सम्मेलन के साथ-साथ जिला स्तरीय छात्र कौशल प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन विशेष रूप से किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसयूआई का ध्वजारोहण से प्रारंभ किया गया इसके पश्चात छात्र कौशल प्रतियोगिता के तहत चित्रकला, निबंध, भाषण, वाद विवाद एवं क्विज प्रतियोगिताओं में जिले के तमाम महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिले से 400 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कर भाग लिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास,नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं,बल्कि व्यावहारिक कौशल भी सफलता की कुंजी है। आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक पारस नाथ राजवाड़े, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह, भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, शैलेश सिंहदेव, अश्विनी सिंह, रामकृष्ण ओझा, मनोज डालमिया, कुसुमलता राजवाड़े, राजकुमारी मरावी, अनुपम फिलिप, जफर हैदर, प्रदीप राजवाड़े, लवकेश गुर्जर, जितेंद्र दुबे, नरेंद्र यादव, राजेन्द्र प्रताप सिंह, सूरज गुप्ता, शिव भजन मरावी,जाकेश राजवाड़े, विष्णु कसेरा, आशीष जायसवाल, कासिम अंसारी, भावना सिंह नेताम, वीरेन्द्र बंसल,लक्ष्मण राजवाड़े, विमला सिंह मरावी, अंशुल गोयल,बंटी सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## आदिवासी अधिकार एवं सशक्तिकरण शिविर में कांग्रेस के दिग्गज हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



शहर के गोंड समाज भवन में जिला कांग्रेस कमेटी एवं आदिवासी कांग्रेस के तत्वावधान में तीन दिवसीय आदिवासी अधिकार एवं सशक्तिकरण संभागीय स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह एवं आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पावले के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और उनके राजनीतिक व सामाजिक सशक्तिकरण पर गहन मंथन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एआईसीसी के वरिष्ठ प्रशिक्षक राहुल बल, नरेश राठौड़ प्रशिक्षक, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव उपस्थित रहे। प्रशिक्षक राहुल बल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के प्रति सजग रहने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने आदिवासियों के हितों के लिए कांग्रेस द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदिवासी समाज को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का एक अभियान है। पूर्व मंत्रियों एवं विधायकों ने वर्तमान परिदृश्य में आदिवासी समाज के समक्ष आ रही चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की। शिविर में क्षेत्र के नेताओं और पूर्व जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा रहा, जिन्होंने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सरगुजा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव, पूर्व विधायक पारसनाथ रजवाड़े, पूर्व विधायक भोला सिंह, पूर्व आयोग सदस्य अर्चना पोर्ते, वरिष्ठ आदिवासी कांग्रेस नेत्री आशिका कुजूर के अलावा संतोष पावले, संजय डोसी, सुनील अग्रवाल, बिहारी कुलदीप, शिवभजन सिंह मरावी,नवीन जायसवाल, नरेंद्र जैन, वेदप्रकाश मिश्रा, अविनाश साहू, बबिता गुप्ता, सुनील सारथी, सुरेश आयाम, लिवनेश सिंह, समीर सिंह, सुरेश सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रामलीला का उद्घाटन करेंगे सांसद राठिया

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में आयोजित होने जा रहे ऐतिहासिक रामलीला के उद्घाटन को लेकर इससे जुडे प्रतिनिधि मंडल सहित सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया से सौजन्य भेंट कर कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस मुलाकात के दौरान सांसद राधेश्याम राठिया ने रामलीला उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु सहमति प्रदान की जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस संक्षिप्त सौजन्य मुलाकात के अवसर पर मण्डल भाजपा अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव, वरिष्ठ पार्षद बलराम सौरा, भाजपा पुसौर के मंत्री विजय महाना तथा पार्षद प्रतिनिधि निराकार पटेल उपस्थित रहे। रामलीला समिति अध्यक्ष बैकुंठ गुप्ता एवं गणमान्य लोगों द्वारा बताया कि पुसौर की रामलीला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान रही है और इस वर्ष इसे और भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है।

### मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान शासन के दिशा निर्देशों तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए गए और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, मलेरिया, एचआईवी, वजन और ऊँचाई जैसी आवश्यक जांचें की गईं। महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियों का वितरण किया गया। इसके अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को शरीर की स्वच्छता, पोषण और सुरक्षित प्रसव के महत्व पर विशेष परामर्श दिया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी कराई गई। शिविर में गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर का दौरा कराते हुए उन्हें मानसिक रूप से सुरक्षित प्रसव के लिए तैयार किया गया, जिससे प्रसव के दौरान होने वाले तनाव को कम किया जा सके। जिले में प्रतिमाह 9 एवं 24 तारीख को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 9 अप्रैल का आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रायगढ़ जिले में कुल 740 गर्भवती माताओं की जांच की गई। जिसमें विकासखंडवार लोईंग में 61, पुसौर में 156, चपले में 127, तमनार में 60, धरमजयगढ़ में 198, लैलूंगा में 70 एवं घरघोड़ा 68 महिलाएं शामिल थी।

### गांजा तस्करी के 3 मामलों का खुलासा, 4 गिरफ्तार

**रायगढ़।** ऑपरेशन "आघात" में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन दिनों में गांजा तस्करी के 3 मामलों का खुलासा किया है। मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं इनमें से 7 किलो गांजा, 2 मोटरसाइकिल, मोबाइल और नकदी जब्त किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पिछले दो दिनों में थाना साइबर, चक्रधरनगर और घरघोड़ा पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक पहली कार्रवाई 7 अप्रैल को की गई, जब पुलिस टीम को सूचना मिली कि विजयपुर मरघट्टीपारा निवासी अमित एक्का अपने घर पर गांजा रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी के घर की तलाशी ली गई, जहां कमरे के भीतर लकड़ी के तखत के नीचे प्लास्टिक थैले में छिपाकर रखा गया। मौके से एक किलो 300 ग्राम गांजा एवं बिक्री की राशि 12,500 बरामद की गई। जप्त गांजा की कीमत लगभग 26,000 आंकी गई। दूसरी कार्रवाई 8 अप्रैल को की गई, जब मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से गांजा लेकर गोवर्धनपुर की ओर बिक्री के लिए आ रहे हैं। सूचना पर साइबर और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर काले रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्तियों को पकड़ा।

# एमआईसी में 29 करोड़ से ज्यादा के शहर विकास कार्यों को दी गई मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एमआईसी की बैठक में 29 करोड़ से ज्यादा के शहर विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें शहर विकास एवं जनहित से जुड़े सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में अधोसंरचना, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, सड़क एवं नाली निर्माण सहित कई अहम विषयों पर चर्चा हुई।

■ अधोसंरचना, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, सड़क एवं नाली निर्माण सहित कई अहम विषयों पर हुई चर्चा

महापौर कक्ष में शुक्रवार को महापौर जीवर्धन चौहान की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक हुई। बैठक में बैठक में सबसे प्रमुख रूप से शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। नगर निगम क्षेत्र में स्थापित हजारों विद्युत पोल एवं एलईडी लाइटों के रखरखाव और सुधार कार्य के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए नए सिरे से निविदा जारी करने तथा 16 अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इससे शहर की प्रकाश व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी। इसके अलावा विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण कार्यों के स्थान परिवर्तन से जुड़े प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### नाली बनने से नहीं होगा जलभराव

वार्ड क्रमांक 32, 8, 19 सहित कई क्षेत्रों में नागरिकों की सुविधा और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नालियों के निर्माण स्थलों में बदलाव किया गया है। इससे जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। सड़क निर्माण कार्यों में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वार्ड क्रमांक 47 में सीसी सड़क निर्माण कार्य के स्थान परिवर्तन को मंजूरी दी गई, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी।

### कैनाल लिंक रोड के लिए 22 करोड़ स्वीकृत

बैठक में शहर में जल निकासी एवं बाढ़ नियंत्रण को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 17 कार्यों के लिए करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण के 17 कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु आगे बढ़ाया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से शहर में बारिश के दौरान होने वाली समस्याओं में काफी कमी आएगी। इसी तरह केवड़ाबाड़ी चौक से मरीन ड्राइव तक 22 करोड़ से ज्यादा की लागत से कैनाल लिंक रोड सड़क निर्माण के लिए जारी निविदा को स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त न्यायालयीन प्रकरणों की पैरवी के लिए अधिवक्ताओं की नियुक्ति एवं समयावधि बढ़ाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### शहर में विकास की गति और तेज होगी

इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि परिषद द्वारा लिए गए इन सभी निर्णयों से स्पष्ट है कि नगर निगम शहर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में इन योजनाओं के क्रियान्वयन से रायगढ़ शहर में विकास की गति और तेज होगी। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्यों द्वारा प्रस्ताव के संबंध में जिज्ञासा भी व्यक्त किया गया, जिसपर संबंधित प्रस्ताव की पूर्ण जानकारी निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा दी गई। इस दौरान आयुक्त क्षत्रिय ने एम आई सी सदस्यों के दिए गए सुझाव को भी प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

शिव शक्ति स्टील प्लांट में किराया राशि हड़पने का मामला, लंबे समय से था फरार

# लाखों का गबन कर फरार ऑटोमोबाइल मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे "ऑपरेशन तलाश" के तहत थाना चक्रधरनगर पुलिस को भी बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने शिव शक्ति स्टील प्लांट में लाखों रुपए का गबन कर फरार चल रहे ऑटोमोबाइल एक्जीक्यूटिव मैनेजर मनीष कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्रार्थी विपुल माली, निवासी चिडीपाल कॉलोनी बोईरदादर द्वारा 3 सितंबर 2025 को थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें कहा गया था कि शिव शक्ति प्लांट में ऑटोमोबाइल एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत मनीष कुमार शर्मा को कंपनी के वाहनों की देखरेख एवं ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से वाहनों को चलवाकर



किराया वसूलने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आरोपी ने एक अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 के बीच वाहनों से प्राप्त किराया कंपनी में जमा नहीं कर स्वयं के बैंक खाते एवं नगद के रूप में प्राप्त कर करीब 11,35,861 की राशि का गबन कर लिया। इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा ट्रांसपोर्टरों को कंपनी के वाहनों को किसी अन्य का वाहन बताकर चलवाया गया और फर्जी बिल्टी तैयार कर धोखाधड़ी की गई। रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 396/2025 धारा 316(4), 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

### बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था

अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने लगातार स्थान बदल रहा था। आरोपी की पतासाजी के लिए पुनः तकनीकी जांच कर लोकेशन ट्रेस किया गया, जिसमें आरोपी के मध्यप्रदेश के सिंगरौली में छिपे होने की जानकारी मिली। साइबर और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर सिंगरौली रवाना किया गया। जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया, जिसके पास से नगद राशि (800 रुपए) एवं एक सैमसंग गैलेक्सी ए 15 5 जी मोबाइल फोन जब्त किया गया।

### प्रधान आरक्षक के आश्रित को 10 लाख की बीमा राशि का भुगतान

**रायगढ़।** 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़ के ए.कंपनी कैम्प खल्लारी, थाना नगरी, जिला धमतरी में कर्तव्यस्थ प्रधान आरक्षक 209 राजेश एक्का की ईलाज दौरान 5 अक्टूबर 2025 को आकस्मिक मृत्यु हो गई, वे 14 अक्टूबर 1998 को आरक्षक जीडी के पद में नियुक्त हुए थे। आश्रित परिजनों को आर्थिक सहायतार्थ पुलिस सैलरी पैकेज के तहत विभिन्न बैंकों से एमओयू किया गया है। इस एमओयू के आधार पर श्रीमती निवेदिता पाल, रापुसे, सेनानी 6वीं वाहिनी छस बल रायगढ़ के मार्गदर्शन में 6वीं बटालियन छस बल गढ़ के अधि कर्म के बैंक सैलरी खातों को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत अपडेट कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप प्रधान आरक्षक 209 स्व. राजेश एक्का को पुलिस सैलरी पैकेज अंतर्गत बीमा राशि भुगतान हेतु सेनानी के सतत प्रयास से भारतीय स्टेट बैंक शाखा जशपुर के सहयोग से स्व. प्रआर राजेश एक्का की उत्तराधिकारी पत्नी श्रीमती नीलिमा कुजूर को 10 लाख की बीमित राशि का भुगतान कराया गया।

पहली से 8वीं तक लॉटरी माध्यम, 9वीं से 12वीं लिखित परीक्षा

# आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में 26-27 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जशपुर नगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं की रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

बेहतर शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं के कारण इस विद्यालय में हर साल बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवेदन करते हैं। प्रति वर्ष बोर्ड की मेरिट सूची में इस विद्यालय के छात्र जिले का नाम रौशन करते आ रहें हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 5 मई 2026 तक जारी रहेगी। इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यालय स्तर पर ऑफलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, कार्यालयीन




दिवस में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक विद्यालय के कार्यालय में यह सुविधा उपलब्ध है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पहली से 8वीं तक लॉटरी माध्यम, 9वीं से 12वीं लिखित परीक्षा- विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि, यदि कक्षा पहली से लेकर कक्षा 8वीं तक में सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे, उस स्तिथि में विद्यार्थियों का चयन लॉटरी की प्रक्रिया के माध्यम से 8 मई को किया जाएगा। वहीं कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक की कक्षा में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लिया जाएगा, यह प्रवेश परीक्षा पिछले कक्षा के पाठ्यक्रम पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्नों आधारित होगी, जिसके मेरिट के अंकों के आधार पर प्रवेश हेतु चयन सूची जारी की जाएगी। यह प्रवेश परीक्षा 11 मई को विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों को 11 से 15 मई तक प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।

केवल एक ही विद्यालय के लिए आवेदन किया जाएगा- प्रवेश नियमों के तहत एक विद्यार्थी केवल एक ही विद्यालय के लिए आवेदन कर सकेगा। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कुल सीटों का 25 प्रतिशत आरक्षित रखा गया है। इसके लिए अभिभावकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही महतारी दुलार योजना के तहत कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को भी प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया है।

# पुसौर में बनेंगे 100 बिस्तर के दो छात्रावास

**पुसौर।** प्रदेश स्तर पर बीते वर्ष चलाए गए सुशासन तिहार के बीच जन हित में जितने भी आवेदन प्रस्तुत किए गए थे उसमें से ज्यादातर मांगों की स्वीकृति मिलने की जानकारी प्रकाश में आई है। इसमें से पुसौर तहसील मुख्यालय में पिछडा वर्ग के बालक बालिकाओं के लिए स्वीकृत हुए 100-100 बिस्तर के अलग अलग 2 छात्रावास मिला है।

नगर उपाध्यक्ष उमेश साव ने इसे बड़ी पहल बताया है। ध्यान रहे कि शासकीय माध्यमिक विद्यालय के शाला विकास समिति अध्यक्ष एवं वार्ड 15 के छाया पार्षद संतोष यादव ने बीते वर्ष पुसौर में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग के बालक बालिकाओं के लिए अलग अलग छात्रावास स्थापना की मांग की थी जिसकी स्वीकृति क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकृति दिलाया है और उसके भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि चिन्हांकित करने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया है।

पिछड़ा वर्ग के छात्रावास की आवश्यकता को लेकर संतोष यादव ने बताया कि पुसौर में प्रि मैट्रिक छात्रावास है जो अनुसूचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति वर्ग के लिए हैं। पिछड़ा वर्ग का कोई छात्रावास नहीं है ऐसे स्थिति में इस वर्ग के गरीब तपके के बालक बालिका के पालक कक्षा 10वीं तक किसी भी तरह पढा सकते हैं इसके बाद के पढाई में आने जाने में आ रहे अडचन को लेकर वे नहीं पढ़ा पा रहे थे। इसकी चर्चा इन्होंने हायर से शाला विकास समिति के अध्यक्ष भरत षडंगी के साथ मिलकर कई जगह किया।

### ट्रांसजेण्डर पहचान पत्र का पंजीकरण और सरल होगा

**रायगढ़।** ट्रांसजेण्डर पहचान पत्र के पंजीकरण एवं जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए क्षेत्रीय और जिला स्तर पर जागरूकता एवं सुविधा शिविर आयोजित किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा स्थानीय गैर सरकारी संगठनों एवं ट्रांसजेण्डर कल्याण बोर्ड के समन्वय से आगामी दिनों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों को पंजीकरण, दस्तावेजी प्रक्रिया और योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। समाज कल्याण विभाग ने ट्रांसजेण्डर समुदाय से अपील की है कि वे इन शिविरों का लाभ उठाएं और पहचान पत्र बनवाकर शासन की योजनाओं से जुड़ें। इसके लिए ट्रांसजेण्डर व्यक्ति कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

कम निवेश में अधिक लाभ, स्वरोजगार का अच्छा अवसर

# मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने 20 कृषकों को आर्थिक सहायता

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं राज्य योजना अंतर्गत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु जशपुर जिले के कुल 20 कृषकों को आर्थिक सहायता दी जा रही है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना तथा फसलों के परागण के माध्यम से उत्पादन बढ़ाना है। योजना के तहत लाभार्थियों को मधुमक्खी पेटी बी बॉक्स मय मधुमक्खी कॉलोनी हेतु 1 हजार 600, मधुमक्खी छत्ता हेतु 800 मधु निष्कासन यंत्र हेतु 8 हजार अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। मधुमक्खी पालन के लिए अधिक भूमि की आवश्यकता नहीं होती। किसान इसे अपनी खेती के साथ-साथ आसानी से अपना सकते हैं। मधुमक्खी पालन अंतर्गत सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता क्षेत्रों को मजबूत बना रही है। मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृषि उत्पादन बढ़ाने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मधुमक्खियों द्वारा किए गए परागण से फल, सब्जी और तिलहनी फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। सरसों, लीची, आम, अमरूद, सूरजमुखी, धनिया, सब्जी फसलें और जंगली फूल मधुमक्खियों के लिए उत्तम पुष्प स्रोत हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मधुमक्खी पालन से



टिकाऊ और लाभकारी कृषि को बढ़ावा मिलता है। स्वरोजगार का अवसर- मधुमक्खी पालन ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का अच्छा माध्यम बन रहा है। प्रशिक्षण लेकर कोई भी व्यक्ति इस कार्य को आसानी से शुरू कर सकता है। शहद, मोम, रॉयल जेली जैसे उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग है। सरकार द्वारा आर्थिक सहायता एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### पर्यावरण संरक्षण में सहायक

मधुमक्खियां जैव विविधता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। इनके बिना प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मधुमक्खियों की संख्या घट रही है, जो चिंता का विषय है। ऐसे में मधुमक्खी-अनुकूल खेती को अपनाने की आवश्यकता है।

### कम लागत, अधिक मुनाफा

कम निवेश में अधिक लाभ देने वाला मधुमक्खी पालन आज किसानों की पहली पसंद बनता जा रहा है। एक मधुमक्खी बॉक्स से साल में कई बार शहद उत्पादन किया जा सकता है। सही प्रबंधन से अच्छी आमदनी संभव है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि मौसम, पुष्प स्रोत और वैज्ञानिक तकनीकों का ध्यान रखकर मधुमक्खी पालन किया जाए, ताकि उत्पादन और गुणवत्ता दोनों बेहतर हों।

एनडीपीएस मामलों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः डीआईजी

# अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने अपनाया सख्त रवैया

**जशपुरनगर।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को पुलिस कार्यालय जशपुर में डीआईजी एवं एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने जिलेभर के पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक लेकर लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में थाना-चौकीवार लंबित अपराध, चालान, मर्ग और शिकायतों की बारीकी से समीक्षा की गई। डीआईजी ने स्पष्ट कहा कि, पुराने मामलों को अभियान चलाकर तेजी से निपटाया जाए और लंबित पीएम व एफएसएल रिपोर्ट तत्काल समन्वय बनाकर प्रस्तुत की जाए।

बैठक में लोक अभियोजन अधिकारियों ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की बारीकियां समझाईं। उन्होंने बताया कि, जब्त मादक पदार्थ की बरामदगी से लेकर न्यायालय में पेशी तक हर स्तर पर 'चेन ऑफ कस्टडी' का सही पालन जरूरी है, अन्यथा आरोपी को लाभ मिल सकता है। सैंपलिंग, सीलिंग, लेबलिंग और दस्तावेजी प्रक्रिया में छोटी-सी चूक भी केस कमजोर कर सकती है।



### अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

डीआईजी ने गौ-तस्करी, गांजा, अवैध शराब, जुआ-सट्टा और नशीली दवाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सीमावर्ती क्षेत्रों और अंतरराज्यीय मार्गों पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग करने को कहा गया। नशे में वाहन चलाना, ओवर स्पीड, बिना नंबर प्लेट और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने पर भी सख्ती बरतने को कहा गया। डीआईजी ने अपराध रोकथाम के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने और सूचना देने वालों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि आमजन की शिकायतों पर शालीनता से सुनवाई हो और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही बदमाशों पर निगरानी, पैदल मार्च और विजिबल पुलिसिंग बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में जिले के सभी एसडीओपी, डीएसपी, थाना-चौकी प्रभारी और अभियोजन अधिकारी मौजूद रहे।

### 12 फीट ऊपर से गिरा स्टील प्लांट का कर्मचारी,गंभीर

**रायगढ़।** जिले में स्थित रूपाणाधाम स्टील प्लांट में काम के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। करीब 10-12 फीट की ऊंचाई से गिरने पर बायरल फायर मैन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार गेरवानी स्थित रूपाणाधाम स्टील प्राइवेट लिमिटेड में रोज की तरह काम चल रहा था। पिछली रात प्लांट के बायरल क्षेत्र में बायरल फायर मैन के पद पर कार्यरत दीपक चौहान (22) निवासी राबो, ड्यूटी पर था। इसी दौरान वह अचानक लगभग 12 फीट ऊंचाई से गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हादसा देख अन्य श्रमिकों ने तुरंत कंपनी प्रबंधन को सूचना दी। इसके बाद घायल दीपक को गंभीर हालत में फोर्टिस जिंदल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया।







